

# शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

**▸ श्रावण मास के पहले सोमवार पर मंदिरों में श्रद्धालुओं ने की भगवान शिव की अभिषेक, पूजन**

**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 3 अगस्त. श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर नगर सहित पूरे क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला.**

सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगना शुरू हो गईं. टेकरी स्थित नर्मदेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर, गांधी बाजार स्थित प्राचीन सिद्ध शिवालय धाम तथा अन्य मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र अर्पण और विशेष पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. पूरे दिन 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा.

क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र नीलकंठेश्वर धाम हरदौट में भी आस्था का जनसैलाब उमड़ा. बेगमगंज, गैरतगंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु अलसुबह से ही दर्शन के लिए पहुंचने लगे. देर रात तक मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा. मंदिर में विशेष पूजन, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई. बेगमगंज तहसील के 50 से अधिक शिव मंदिरों में भी दिनभर धार्मिक आयोजन चलते रहे. मंदिर प्रबंधन समितियों एवं श्रद्धालुओं ने मंदिरों की विशेष साफ-सफाई कर आकर्षक फूलों और विद्युत सजावट से उन्हें भव्य रूप दिया. शिवालयों में भजन-कीर्तन, शिव महिम्न स्तोत्र, रुद्रपाठ तथा महाआरती का आयोजन होता रहा, जिससे पूरा नगर शिवमय नजर आया.

श्रावण सोमवार के अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की.

### बेगमगंज के शिवालय में 12 ज्योतिलिंग की होगी

बेगमगंज. नगर के गांधी बाजार स्थित शिवालय मंदिर में 12 ज्योतिर्लिंग की स्थापना को लेकर मंदिर समिति की बैठक हुई, जिसमें समिति ने निर्णय लिया कि मंदिर के उत्तरी भाग में स्थाई रूप से 12 ज्योतिर्लिंगों की स्थापना की जाएगी. मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश ताम्रकार, महामंत्री बद्रीविशाल गुप्ता, सहसचिव मुकेश साहू, कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्यों में पंडित राकेश भार्गव, प्रभुनेमा एडवोकेट क्षमा सहित सभी सदस्यों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से 12 ज्योतिर्लिंगों की स्थापना शीघ्र ही कराए जाने की कार्य योजना बनाई गई. जिसके लिए सावन के पावन मास में सभी तैयारियां की जाएगी. इसके लिए साधु संतों से भी संपर्क करके विधि विधान से स्थापना को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है.

# दतिया चुनाव में कांग्रेस की जीत पर मनाया जश्न



**सांची, 3 अगस्त. दतिया विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत पर नगर में कांग्रेसियों ने जश्न मनाया. इस दौरान उन्होंने विजय जुलूस निकालकर तथा खूब चलाई आतिशबाजी एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी.**

इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अंकित मेहतो, भूरा शर्मा, डालचंद अहिरवार, मुशर्रफ कुरैशी, इंद्रेश राठौर, रवि अहिरवार, लालचंद, जितेन्द्र चौधरी, आसिफ खान, बाबूसिंह, अमन वंशकार, दौलतराम अहिरवार ने भी आतिशबाजी करते हुए खुशी मनाई.

# बेलपत्र, धतूरा, जल से शिव का अभिषेक

**▸ सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में हुई विशेष पूजा-अर्चना**

**नवभारत न्यूज**
**सिलवानी, 3 अगस्त. सावन माह के प्रथम सोमवार पर नगर सहित पूरे क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन एवं पूजन-अर्चन के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे. दिनभर मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा और पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' एवं 'बम-बम भोले' के जयघोष से भक्तिमय बना रहा.**

नगर के श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर स्थित महादेव मंदिर, अशोक विहार शिव मंदिर तथा मां विजयासन मंदिर परिसर में स्थापित शिवलिंग पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की. भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर अभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की. महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया.



# किसानों ने किया हाइवे पर चक्काजाम

**▸ वेयर हाउस में जगह की कमी से भड़क गए किसान**

**नवभारत न्यूज**
**देवरी (रायसेन), 3 अगस्त. देवरी में सोमवार को रेवा वेयरहाउस एवं आस्तिक वेयरहाउस में भंडारण क्षमता पूरी होने के कारण मूंग की तौल बंद किए जाने से नाराज किसानों ने थाला मोड़ स्थित नेशनल हाईवे-45 पर चक्काजाम कर दिया. सुबह करीब 10 बजे शुरू हुआ आंदोलन शाम लगभग 5 बजे तक जारी रहा, जिससे हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यात्रियों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा.**



जानकारी के अनुसार रेवा वेयरहाउस और आस्तिक वेयरहाउस पर एक हजार से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मूंग लेकर कई दिनों से खड़ी थीं. वेयरहाउस प्रबंधन ने पर्याप्त जगह नहीं होने का हवाला देते हुए तौल करने से इनकार कर दिया. इससे किसान नाराज हो गए और हाईवे पर चक्काजाम कर दिया. आंदोलन की सूचना मिलने पर रायसेन से प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर समाधान निकाला. प्रशासन ने निर्णय लिया कि रेवा वेयरहाउस पर खड़ी मूंग से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की तौल उदयपुरा मंडी में तथा आस्तिक वेयरहाउस पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की तौल देवरी मंडी में कराई जाएगी. प्रशासन के इस आश्वासन के बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया और यातायात पुनः सुचारु हो सका.

आंदोलन में कांग्रेस किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष रंजीत पटेल, प्रताप सिंह लोधी, एडवोकेट मुकेश शर्मा, परसोत्तम लोधी, चोखे लाल , गुड्डू लोधी (पांजरा) अशोक सौम्या सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे.

तहसीलदार जयपाल शाह उईके, नायब तहसीलदार शुक्ला तथा अन्य राजस्व अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर किसानों से चर्चा की और स्थिति को नियंत्रित किया.

## एक नजर में



### पटवारी कलमबंद हड़ताल पर, ज्ञापन सौंपा

**सिलवानी, 3 अगस्त.** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर तहसील सिलवानी एवं बम्होरी के समस्त पटवारी सोमवार से कलमबंद हड़ताल पर चले गए. पटवारियों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा.पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा का आयोजन, जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करना, लंबित वित्तीय भुगतानों का निराकरण तथा संघ पदाधिकारियों के स्थानांतरण संबंधी समस्याओं का समाधान शामिल है. संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मांगों के निराकरण तक आंदोलन जारी रहेगा. ज्ञापन सौंपने के दौरान तहसील अध्यक्ष दीनदयाल नरवरिया, गजेंद्र लोधी, पर्वत सिंह, सुशील मिश्रा, सुरेंद्र ठाकुर, दीवान सिंह, संजय सिंह, विमला, सोनम सहित तहसील सिलवानी एवं बम्होरी के सभी पटवारी उपस्थित रहे.

### पुलिस ने जिंदबाबा के निकट जुआरियों को दबोचा

**सांची, 3 अगस्त.** पुलिस टीम ने जिंदबाबा के निकट जुआ खेल रहे जुआरियों को पकड़ा है. पुलिस के अनुसार गोपनीय सूचना मिल थी कि जिंदबाबा के स्थान के पास जंगली क्षेत्र में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं. पुलिस ने जंगली क्षेत्र में घेराबंदी कर जुआरियों पर छापेमारी करते हुए भागने वाले जुआरियों को धरदबोचा तथा जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जुआरियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली. पुलिस ने जुआरियों मे शामिल हरभजन सिंह सिख लौहार रीठा फाटक चौराहा विदिशा, नबल सिंह परिहार भोपाल, प्रदीप शिवहरे विदिशा के पास से क्रमश: 840, 670,1510 रुपये एवं ताश के 52 पत्ते बरामद किए, जबकि गब्बू उर्फ शैलेष भागने में सफल हो गया. पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है.



### पटवारियों की अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू

**बेगमगंज, 3 अगस्त.** अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे पटवारियों ने अभी तक उनकी मांगें स्वीकार नहीं होने के बाद अनिश्चतकालीन हड़ताल शुरू कर दी है और तहसील प्रांगण में धरने पर बैठ गए गए हैं. धरने में बेगमगंज और सुल्तानगंज के 32 पटवारी शामिल हैं. इसके पहले उन्होंने सुल्तानगंज तहसीलदार देवेन्द्र शुक्ला को हड़ताल संबंधी सूचना पत्र सौंपा. पटवारी संघ के अध्यक्ष मनीष चौरसिया के नेतृत्व में सूचनापत्र देने वालों में पटवारियों में मनोज अठ्या, सुशील श्रीवास्तव, अंकुर दुबे, महेश कात्यवर, रामकृष्ण शाह, सजल भायजी, देवेश नेमा, कमलेश अहिरवार, भगवान सिंह राय, अजब सिंह धाकड़, योगेंद्र दुबे, शुभम जैन, मुकेश रघुवंशी, मनमोहन सिंह तोमर, सरिता यादव, रेखा राज, काजल गुप्ता, सोनम रजक, ओमप्रकाश भगत, राजेश शर्मा, विशाल गिरी, शशांक श्रीवास्तव, प्रजापाल, अभिषेक पंथी, अमित श्रीवास्तव, सौरभ गुप्ता इत्यादि शामिल थे. उनका कहना है कि जब तक उनकी 5 सूत्रीय मांगें स्वीकार नहीं होंगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. कोई भी पटवारी किसी भी प्रकार का काम नहीं करेगा. उल्लेखनीय है कि मप्र पटवारी संघ के आव्हान पर 5 सूत्रीय मांगों को लेकर बेगमगंज एवं सुल्तानगंज तहसील के सभी 32 पटवारी हड़ताल पर चले गए है. उनकी मांग है कि मप्र में 1200 राजस्व निरीक्षक के पद रिक्त होने के बाद भी सरकार पद्दोन्नति नहीं कर रही है जबकि राजस्व विभाग के निरीक्षकों, नायब तहसीलदारों एवं तहसीलदारों की पद्दोन्नति की जा चुकी है.

# विकास कार्य का परिषद अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**सांची, 3 अगस्त.** सोमवार को नगर के वार्ड नंबर तीन में सीएम मॉनिटर योजना अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का नगर परिषद अध्यक्ष ने किया निरीक्षण तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए. इसके साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये.

# 120 किमी पैदल चल कर मानपुर टेकरी पहुंचे कांवड़िये

**▸ नर्मदा जल से किया भगवान शिव का अभिषेक**

**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 3 अगस्त. सावन माह में शिवभक्ति का उत्साह चरम पर है. इसी क्रम में 25 सदस्यीय कांवड़ियों का जत्था करीब 120 किलोमीटर दूर माँ नर्मदा से पवित्र जल लेकर तीन दिन की कठिन पैदल यात्रा पूरी करते हुए मानपुर टेकरी हनुमान धाम पहुंचा.**



यहां श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का नर्मदा जल से अभिषेक कर सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की. कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में गहरा उत्साह और आस्था देखने को मिली. पूरी यात्रा में कांवड़िए 'हर-हर महादेव' और 'जय बम भोले' के जयघोष करते हुए आगे बढ़ते रहे. जैसे ही कांवड़ियों का जत्था मानपुर टेकरी पहुंचा, ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और स्वागत-सत्कार कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया. श्रद्धालुओं के स्वागत से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया.

हनुमान धाम परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे. भगवान शिव के अभिषेक के बाद आरती और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

# मृगेन्द्रनाथ धाम को पर्यटन स्थल बनाया जाए

**▸ श्रावण मास के पहले सोमवार को असंख्य श्रद्धालुओं ने की भोलेनाथ की पूजन.**

**नवभारत न्यूज**
**उदयपुरा, 3 अगस्त. उदयपुरा से 13-14 किलोमीटर दूर स्थित भगवान भोलेनाथ का एक पुरातन ऐतिहासिक स्थान जो विंध्याचल पर्वत की शैल शिखरणियों में स्थित है, जिसे मृगेन्द्रनाथ धाम के नाम से जाना जाता है. क्षेत्रीय जनता इस धार्मिक स्थल को मिरगन्नाथ के नाम से पुकारती है.**



यहां पर हर साल बसंत पंचमी पर एक मेला लगता है और श्रद्धालुओं द्वारा बसंत पंचमी के दिन भगवान भोलेनाथ के प्राचीन शिवलिंग पर नर्मदा का जल चढ़ाया जाता है. अनेक वर्षों पहले एक कुम्हार बाबा के नाम से विख्यात एक संत इस पर्वतीय धार्मिक स्थल पर निवास करते थे. कहते हैं इन संत के पास रात्रि में एक शेर आकर बैठता था, जो बाबा की आज्ञा का पालन करता था. भगवान भोलेनाथ के दर्शन, पूजन करने के लिए भक्तगण पहाड़ी दुर्गम मार्ग ऊंची चढाई चढ़कर ऊपर पहुचते हैं.

पुराने जमाने में भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग खुले आसमान के नीचे एक चबूतरे पर विराजमान थे. अभी कुछ सालों पहले एक दूसरे संत जो माखनचोर बाबाजी के नाम से जाने जाते थे. उन्होंने जनसहयोग से भगवान भोलेनाथ का एक मंदिर बनवाया है.

# मदनी में लगातार हो रही सिंचाई मोटर पंप की चोरी

**▸ दर्जनों ग्रामीण पहुंचे थाने, एसडीओपी और थाना प्रभारी को दिया आवेदन**

**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 3 अगस्त. ग्राम पंचायत तिनसुआ के ग्राम मदनी में कुछ दिनों से सिंचाई मोटर पंप की हो रही चोरियों के विरोध में सोमवार को ग्रामीणजन थाने पहुंचे और एसडीओपी, थानाप्रभारी को आवेदन देकर अज्ञात चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की.**



सरपंच भगवान सिंह ठाकुर के नेतृत्व में ग्राम मदनी के करीब 60-70 लोगों का हुजूम सिंचाई पंप चोरी के संबंध में आवेदन देने के लिए थाने पहुंचा और उन्होंने एक आवेदन एसडीओपी सोनाली गुप्ता थानाप्रभारी राजीव उइके को देकर सिंचाई पंपों की हो रही चोरियां का पता लगाने की गुहार लगाई.

आवेदन में बताया गया है कि पेयजल योजना के कुएं से अज्ञात चोर जलसप्लाई की मोटर चुरा ले गए, जिससे कि पूरे गांव में पिछले 4 दिन से जल सप्लाई बंद है. इसके अतिरिक्त ग्राम मदनी के ही पूरन सिंह, राजकुमार की कुएं से एवं आकाश सिंह राजपूत की खेत पर से सिंचाई मोटर पंप चोरी करके ले गए. लगातार हो रही चोरियों से परेशान होकर सामूहिक रूप से एकत्रित हुए ग्रामीणों ने आज सुबह से ही थाने में डेरा डाल लिया था.

## खेल जगत ▸ खिलाड़ी से नहीं, खिलाड़ी के लिए लड़ना पड़ता है : कोच परम

# कर्ज लेकर देखा खिलाड़ी बनाने का सपना, मिला इंडिया कैंप

**कंचन शिवपुरिया**
**भोपाल, 3 अगस्त. रायसेन जिला फुटबॉल अकादमी की दो खिलाड़ी सलोनी शर्मा और मंजू कंवर का भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए चयन हुआ है. यह उपलब्धि सिर्फ दो खिलाड़ियों की सफलता नहीं, बल्कि उन वर्षों की मेहनत का नतीजा है, जब अकादमी के कोच परम अश्वर ने सीमित संसाधनों के बावजूद लड़कियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सपना देखा.**



कोच परम अश्वर ने बताया कि शुरुआत आसान नहीं थी. प्रदेश में कई लोगों ने उन्हें फुटबॉल के लिए काम करने से रोका और लगातार हतोत्साहित किया. इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी. खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं में भागीदारी और जरूरी सुविधाएं जुटाने के लिए उन्होंने करीब 12 लाख रुपये का कर्ज लिया. उनका कहना है कि उनका मकसद सिर्फ टीम बनाना नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश में महिला फुटबॉल के लिए मजबूत रास्ता तैयार करना था.कोच के अनुसार उनकी टीम पहली बार इंडियन वुमन्स लीग में उतरी और वहां ओडिशा एफसी जैसी मजबूत टीम को हराकर सबका ध्यान खींचा. उसी दौरान उनके संघर्ष की कहानी सामने आई. उन्होंने बताया कि समाचार प्रकाशित होने के बाद कई लोगों ने आगे आकर आर्थिक मदद की, जिससे उनका कर्ज उतर सका. इसके बाद टीम ने अंडर-17 यूथ लीग के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचकर भी नया रिकॉर्ड बनाया.

> परम अश्वर का मानना है कि कोच की जिम्मेदारी सिर्फ मैदान पर दो घंटे अभ्यास कराने तक सीमित नहीं होती. उन्होंने कहा, 'खिलाड़ी बनाने के लिए खिलाड़ी से नहीं, खिलाड़ी के लिए लड़ना पड़ता है.' उनके अनुसार अगर वर्षों तक किसी कोच के पास रहने के बाद भी खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ता, तो कोच को खुद अपनी जिम्मेदारी पर सवाल उठाना चाहिए. सलोनी और मंजू का इंडिया कैंप तक पहुंचना उसी सोच की सबसे बड़ी जीत बन गया है.

# सच्ची भक्ति से प्रसन्न होते हैं महादेव : शास्त्री

**▸ दीनदयाल कॉलोनी में रुद्राभिषेक शिवपुराण कथा**

**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 3 अगस्त. दीनदयाल कॉलोनी बेगमगंज में चल रही पंच दिवसीय रुद्राभिषेक शिव पुराण कथा के पंचम दिवस व अंतिम विश्राम दिवस सोमवार को कथावाचक पं. कमलेश कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान शिव को भोलेनाथ कहा जाता है, क्योंकि वे सच्चे मन से की गई भक्ति से शीघ्र प्रसन्न होते हैं.**

शास्त्रों के अनुसार उनकी कृपा पाने के लिए केवल पूजा ही नहीं, बल्कि उत्तम आचरण भी आवश्यक है. क्योंकि उच्चारण से अच्छा आचरण होता है.



### महादेव को प्रसन्न करने के सरल उपाय

- प्रतिदिन स्नान के बाद 'नमः शिवाय' मंत्र कम से कम 108 बार जप करें.
- शिवलिंग पर गंगाजल, कच्चा दूध, बेलपत्र, धतूरा और आक अर्पित करें.
- सोमवार का व्रत रखें या सोमवार को शिव मंदिर में दर्शन करें.
- महामृत्युंजय मंत्र का नियमित जप करें
- रुद्राध्याय, शिव चालीसा या शिवमहिम्न स्तोत्र का पाठ करें.
- गरीबों, गौ-सेवा और जरूरतमंदों की सहायता करें.

पं. शास्त्री ने कहा कि भगवान शिव को धन-दौलत नहीं, सच्चा हृदय प्रिय है.